प्रतियोगिता

दो दिवसीय जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का शुभारंभ

# आयशा, ईशा और दुर्गेश्वरी ने जीते स्वर्ण पदक






**नवभारत,जबलपुर ।** जिला जूडो संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, शालेय शिक्षा विभाग और क्रीड़ा भारती महानगर तथा जिला जूडो संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का त्रिभुवनदास मालपाणी हायर सेकेंडरी स्कूल मिलौनीगंज में शुभारंभ हुआ।

विगत एक माह से चल रहे ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर आयोजित इस स्पर्धा के पहले दिन खिलाड़ियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि राजकुमार मिश्रा प्राचार्य तथा विशिष्ट अतिथि श्री सत्येंद्र गुरु द्वारा किया गया।

### आत्मरक्षा के खेल आज के समय की बड़ी आवश्यकता : मिश्रा

खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि प्राचार्य राजकुमार मिश्रा ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन और एकाग्रता भी सिखाते हैं। जूडो जैसे आत्मरक्षा के खेल आज के समय की बड़ी आवश्यकता हैं। विशिष्ट अतिथि श्री सत्येंद्र गुरु ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आयोजकों के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि जबलपुर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उन्हें सही मंच की जरूरत है।

### खेल के अलावा अन्य गतिविधियां भी आयोजित की गईं : आबिद

जिला जूडो संघ के सचिव एवं वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में इस बार शिविर के दौरान 'आरोह-2026' कैलेंडर का विशेष पालन किया गया। इसके अंतर्गत खिलाड़ियों को सिर्फ मैट तकनीकी दांव-पेंच ही नहीं सिखाए गए, बल्कि वीकेंड्स पर विशेष सत्र आयोजित कर फिट-इंडिया मूवमेंट, व्यक्तित्व विकास और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाया गया है।

### परिणाम इस प्रकार है

सब जूनियर बालिका वर्ग में -23 किग्रा में आयशा फातिमा ने स्वर्ण, इनाया फातिमा ने रजत, महिमा कोरी ने कांस्य, -28 किग्रा में ईशा गीते ने स्वर्ण, आरना साहू ने रजत, राधिका बर्मन ने कांस्य तथा -32 किग्रा में दुर्गेश्वरी झरिया ने स्वर्ण, नाफिया फातिमा ने रजत, धानी बर्मन ने कांस्य पदक जीता। सब जूनियर बालक वर्ग में -30 किग्रा में अक्षत सोनकर ने स्वर्ण, मोहम्मद शाद ने रजत, अहसन अंसारी ने कांस्य, -35 किग्रा में शनिफ मंसूरी ने स्वर्ण, धैर्य केवट ने रजत, रुद्रांश प्रताप ने कांस्य पदक जीता।

### आज होगा समापन व पुरस्कार वितरण

प्रतियोगिता के बचे मुकाबले तथा समापन और पुरस्कार वितरण 19 जून को किया जाएगा, जहां विजेता खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। शुभारंभ सत्र के दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, कोच और खिलाड़ियों के अभिभावक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक का दायित्व एडवोकेट अताउर्रहमान अंसारी, तावेज़ अली, नौशीन अंजुम, ताजवर अंजुम आदि ने निभाया।

## 53 लीटर अवैध शराब के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

**मंडला।** जिले में अवैध शराब के क्रय, विक्रय और परिवहन के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर सख्त कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। पुलिस को सटीक मुखबिर से सूचना मिली थी कि ज्ञानदीप स्कूल के पास दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब का परिवहन और उसे बेचने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने बिना वक्त गंवाए तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया और मौके पर पहुंचकर संदिग्धों को चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई के दौरान मौके से दो आरोपियों को दबोचा गया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से कुल 53 लीटर देशी और विदेशी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 27 हजार रूपए आंकी गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दोनों आरोपी पिता, पुत्र है। जिसमें सीताराम विश्वकर्मा पिता टेकराम विश्वकर्मा, 62 वर्ष और राहुल विश्वकर्मा पिता सीताराम विश्वकर्मा, 22 वर्ष है। दोनों आरोपी रानी अवंती बाई वार्ड, थाना कोतवाली, मंडला के निवासी हैं।



# खेलों से होता है शारीरिक विकास : सम्पदा सराफ

अंतर क्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता का शुभारंभ



**नवभारत, जबलपुर।** केंद्रीय खेल एवं कला परिषद, मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित 48वीं अंतरक्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारंभ 18 जून को रामपुर स्थित तरणताल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कंपनी के जबलपुर मुख्य अभियंता धीरेन्द्र सिंह ने की।

प्रतियोगिता में ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी एवं मध्य प्रदेश पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के 9 क्षेत्रों एवं संभागों से लगभग 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके अंतर्गत फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, बटरफ्लाई, ब्रेस्ट स्ट्रोक, इंडिविजुअल मेडले और मेडले रिले जैसी विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साह एवं खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में अध्यक्ष एवं उपस्थित अतिथियों ने प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए खेलों के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

### आज होगा पुरस्कार वितरण

प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आज 19 जून को शाम 4 बजे आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह की मुख्य अतिथि सम्पदा सराफ, मुख्य महाप्रबंधक, मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर होंगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक सिंह धुर्वे, मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य), संजय निगम, अति. मुख्य महाप्रबंधक, अवनीश तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक (क्रय एवं भंडार), प्रहलाद मर्सकोले, अधीक्षण अभियंता (सिविल), प्रशांत कुमार, अति. मुख्य महाप्रबंधक (आईटी) तथा आर.सी. साहू, महाप्रबंधक (स्थापना) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन एस.के. गिरिया, मुख्य अभियंता (जबलपुर क्षेत्र) के नेतृत्व में खुशियाल शिववंशी, अधीक्षण अभियंता (वृत्त), जबलपुर द्वारा किया जा रहा है।

# मिक्स बॉक्सिंग स्पर्धा के लिए टीम रायपुर रवाना



**नवभारत,जबलपुर ।** एसडीसी नेशनल लेवल मिक्स बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना मप्र मिक्स बॉक्सिंग एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. प्रकाश धीरावानी की जारी विज्ञप्ति के अनुसार 20 एवं 21 जून को रायपुर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश मिक्स बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष निलेश रावल द्वारा सभी चयनित खिलाड़ियों को किट प्रदान की गई।

संघ के सचिव सुभाष मांझी कोषाध्यक्ष विनोद पोद्दार उपाध्यक्ष के एल घोष, विनोद ठाकुर, प्रवीण गुप्ता, प्रवीण यादव, राजेंद्र धावलपुरी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। चयनित खिलाड़ियों में खुशी ठाकुर, तनीषा बर्मन, फजहर अहमद मंसुरी, व्योम सिंह ठाकुर, असमित यादव, यश ढोके, उमर मनियार, आगेश, वेदांत सिंह राजपूत, ब्रजेश परिहार, शोर्य सिंह राजपूत, मयुर पटेल, हर्ष कहार, सत्विक कश्यप, अंश परिहार शामिल है।

## 26 तक जिले में मनाया जाएगा नशा मुक्त भारत सप्ताह

**मंडला।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशानुसार जिले में 26 जून तक नशा मुक्त भारत सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, नगरीय निकायों एवं सामाजिक संगठनों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेश अनुसार 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर जिलेभर में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# खालसा गर्ल्स स्पोर्ट्स एकेडमी की 23-05 से शानदार जीत

हैंडबॉल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता



**जबलपुर नवभारत।** 26वीं हैंडबॉल प्रीमियर लीग के चौथे दिन के मैचेस सनातन धर्म पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में बड़े ही उत्साह तथा जोश से खेला गए। अतिथि के रूप में मौलश्री दुबे प्राचार्या सनातन धर्म पब्लिक स्कूल, अनीता साहू, शैला मथाई, मनसुख चौहान, गुरप्रीत कौर, रणजीत कौर, कुलदीप कौर श्री गुरुनानक स्कूल मदन महल, शैरिल थॉमस एचओडी. ग्लोबल कॉलेज उपस्थित रहे।

बालक वर्ग में पहला मैच सनातन बॉयज एवं इनविक्टस बॉयज के मध्य हुआ, जिसमें इनविक्टस बॉयज ने 19-04 से जीत हासिल की। दूसरा मैच बालिका वर्ग में खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी विरुद्ध एमएलबी गर्ल्स के मध्य हुआ, जिसमें खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी गर्ल्स ने 23-05 से शानदार जीत हासिल की। तीसरा मैच बालक वर्ग में सनातन बॉयज एवं एम.एल.बी. के मध्य हुआ, जिसमें सनातन बॉयज ने 12-04 से जीत हासिल की।

### इनका रहा योगदान

मैच का संचालन पलक चंसौरिया, महक जायसवाल ने किया। स्कोरर खुशी बेन, तनवी सतनामी, अंशिका जँघेला, तनुजा सेन रही। उक्त प्रतियोगिता का संचालन विश्वामित्र अवॉर्डी हरमिंदर सिंह ढिल्लो एवं जगपाल सिंह ढिल्लो द्वारा किया गया।

# पूर्व सैनिक राष्ट्र की अमूल्य धरोहर, वीर नारियां सेना के गौरव की जीवंत मिसाल : जीओसी वान्द्रा

राज्य स्तरीय पूर्व सैनिक रैली में वीर नारियों का सम्मान





**नवभारत,जबलपुर।** मध्य भारत एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल हरविंदर सिंह वान्द्रा, एवीएसएम, एसएम ने कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं और उनका सम्मान करना पूरे समाज का दायित्व है। उन्होंने कहा कि सैनिक सम्मेलन केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उन वीरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय राष्ट्र सेवा को समर्पित किया है।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केंद्र में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पूर्व सैनिक रैली में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, वीर नारियां, वीर माताएं एवं सैनिक परिवार शामिल हुए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### वीर नारियां सेना की गौरवशाली परंपरा की प्रतीक

अपने संबोधन में जीओसी वान्द्रा ने वीर नारियों के त्याग, समर्पण और अदम्य साहस को नमन करते हुए कहा कि वे भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा का जीवंत उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि सैनिक सेवा से सेवानिवृत्त अवश्य होता है, लेकिन सेना परिवार का आजीवन सदस्य बना रहता है।

### भारतीय सेना की सबसे बड़ी ताकत उसकी गैर-राजनीतिक परंपरा : एम.के. दास

पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल एम.के. दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि सैनिकों के लिए कोई पक्ष या विपक्ष नहीं होता, उनका एकमात्र धर्म राष्ट्र सेवा है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि वह सदैव गैर-राजनीतिक रही है और इसी कारण देशवासियों का उस पर अटूट विश्वास बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देशों में से एक है और देश की बागडोर युवाओं के हाथों में है। युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए सेना के अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेनी चाहिए।

### वीर नारियों और पूर्व सैनिकों का सम्मान

रैली के दौरान वीर नारियों, वीर माताओं, द्वितीय विश्व युद्ध से जुड़े सैनिक परिवारों, विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले पूर्व सैनिकों तथा गैर-पेंशनधारी पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। साथ ही उन्हें कुल 1 लाख 75 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

### सेना है तो देश सुरक्षित है : विवेक तन्खा

सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने कहा कि देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों के कारण ही राष्ट्र सुरक्षित है। उन्होंने सैनिक कल्याण गतिविधियों के लिए 10 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा करते हुए कहा कि सैनिकों और उनके परिवारों का सम्मान राष्ट्र की प्राथमिकता होना चाहिए।

### पूर्व सैनिकों की सुविधाओं में कमी नहीं आने देंगे : अन्नू सिंह

महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने कहा कि जबलपुर सैनिकों और पूर्व सैनिकों का शहर है। उन्होंने वीर नारियों के त्याग को नमन करते हुए कहा कि सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों की सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

### सैनिक कभी पूर्व नहीं होता : अशोक रोहाणी

विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि सैनिक जीवनभर सैनिक ही रहता है। भारतीय सेना ने देश का गौरव विश्वभर में बढ़ाया है और समाज को सैनिकों के प्रति सम्मान का भाव बनाए रखना चाहिए।जिला सैनिक बोर्ड के कल्याण संयोजक देवेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि रैली में संभाग एवं जिले के बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, वीर नारियां और उनके परिजन शामिल हुए तथा सैनिक कल्याण योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन अमिताभ रावत (सेवानिवृत्त) एवं राज्य सैनिक बोर्ड भोपाल के संचालक ब्रिगेडियर अरुण नायर, सेना मेडल (सेवानिवृत्त) सहित अनेक सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 50 साल पुराने तालाब के नाम पर शासकीय राशि की खेली होली

**नारायणगंज।** विकास खंड नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम मुडढा झीला में नवीन अमृत सरोवर तालाब के निर्माण कार्य में तकनीकी प्राक्कलन को ताक पर रखकर घोर लापरवाही बरतने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों और स्थानीय समाजसेवियों ने जब मौके पर पहुंचकर मुआयना किया, तो निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं और गुणवत्ता हीनता उजागर हुई। इस मामले को लेकर अब क्षेत्र के नागरिकों ने जिला प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच और तालाब के नए सिरे से सुदृढ़ीकरण की मांग की है।

बताया गया कि मौका मुआयना करने पहुंचे सरपंच रूप सिंह पंद्राम, समाजसेवी रामलाल कुलस्ते, रामेश्वर वरकड़े, धर्म कुलस्ते, प्रमोद यादव, ओमकार यादव, बाबूलाल यादव और शिक्षक हरि बरकडे सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस स्थान पर लगभग 50 वर्ष पूर्व एक पुराना तालाब था, जिसे अब नवीन अमृत सरोवर का रूप दिया जा रहा था। तकनीकी एस्टीमेट के अनुसार तालाब की नींव को लगभग 3 मीटर चौड़ी और 3 मीटर गहरी खोदकर उसमें काली मिट्टी व पानी डालकर लौंदे (क्ले कोर) बनाने थे और इंजन व रोलर से दबाकर उसके ऊपर मिट्टी-मुर्रम डालनी थी। इसके विपरीत जिम्मेदारों ने पुरानी मेढ़ पर ही थोड़ी मिट्टी-मुर्रम डालकर ऊपर से सिर्फ ट्रैक्टर चला दिया। बताया गया कि निर्माण स्थल पर पारदर्शिता को पूरी तरह खत्म करते हुए कोई भी आधिकारिक सूचना पटल या बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे कार्य की लागत और तकनीकी विवरण गुप्त रहे। तालाब के अंदर जमी पुरानी मिट्टी की साफ-सफाई और गहरीकरण का कार्य नाममात्र का भी नहीं किया गया है।

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा, विद्युत (सामान्य शाखा)

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना कमांक:** जबल-एल-टी-नं. 45-2025R, दिनांक 29.05.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** एनकेजे में रिसीविंग यार्ड का पुनर्निर्माण करके वहां की लाइनों की सीएसआर/सीएसएल में वृद्धि करना।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में ) :** Rs. 6055940.36, **बयाना राशि रुपये :** Rs. 121100.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक) :** 22/06/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक) :** 22/06/2026, **निविदा सूचना कमांक :** जबल-एल टी-नं. 15-2026R दिनाक 15.06.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** ADEN-HQ/JBP उप-विभाग के अंतर्गत पेयजल, स्वच्छता. प्लेटफार्म को धुलाई, कोचों में पानी भरने और यात्रियों के अन्य उपयोगों के लिए एक समर्पित और विश्वसनीय 24x7 जल आपूर्ति प्रणाली की व्यवस्था करना।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में ) :** Rs. 31764373,81, **बयाना राशि रुपये :** Rs 635300.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 12 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक) :** 10/07/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक) :** 10/07/2026, **निविदा सूचना कमांक :** जबल-एल-टी-नं. 17-2026R, दिनांक 15.06.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** जेबीपी- यार्ड का पुनर्निर्माण एआरएमवी साइडिंग, एआरटी साइडिंग और स्टेबलिंग लाइन नंबर 3 का विस्तार ताकि पूरी लंबाई की ट्रेन को समायोजित किया जा सके, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में) :** Rs. 6739515.00, **बयाना राशि रुपये :** Rs.134800.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक) :** 08/07/0026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक) :** 08/07/0026, **निविदा सूचना कमांक :** जबल-एल-टी-नं. 09-2026R, दिनांक 15.06.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** एडेन/मुख्यालय/जेबीपी उपमंडल के अंतर्गत जबलपुर स्थित रेल सौरभ कॉलोनी (चरण-1) में 10 यूनिट आरबी-वी क्वार्टर (G+5) का निर्माण।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में ) :** Rs.5485693.82, **बयाना राशि रुपये :** Rs.109700.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 12 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक) :** 07/07/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक) :** 07/07/2026, **निविदा सूचना कमांक :** जबल-एल-टी-नं. 12-2026R, दिनांक 15.06.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :**जेबीपी डिवीजन द्वारा हाईमास्ट का नवीनीकरण, जिसमें ट्रांसफार्मर को सर्कुलेटिंग एरिया में स्थानांतरित करना और डीजी सेट को स्थानांतरित करना शामिल है।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में ) :** Rs. 13205925.51, **बयाना राशि रुपये :** Rs. 264100.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 12 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक) :** 09/07/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक) :** 09/07/2026, **उपरोक्त सभी निविदाओं के फार्म की कीमत (रूपये में) :** 0.00, **उपरोक्त सभी निविदाओं के कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है। :** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेब साइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेब साइट से डाउन लोड की जा सकती है।

हस्ता.

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (समान्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

फॉर्म नंबर 4 ( नियम 5 के उप नियम ( 2A ) के अनुसार )

ऋण वसूली न्यायाधिकरण ( प्रक्रिया ) नियम,1993 के नियम 5 के उपनियम ( 2A ) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उपधारा ( 4 ) के अंतर्गत समन,

**ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर के समक्ष**

द्वितीय एवं तृतीय तल संचार विकास भवन, मुख्य डाकघर के निकट, रेजीडेन्सी रोड, जबलपुर 482001 मध्यप्रदेश

**प्रकरण संख्या 0.A 974/2024**

प्रकाशन के माध्यम से समन

केनरा बैंक

विरूद्ध

श्रीमती उषा देवी एवं अन्य

प्रति, मेसर्स उषा अलमारी इंडसट्रीज,

स्वामित्व - श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री सतेन्द्र सिंह

कार्यालय - ग्राम खेरी, डाकघर जमसारा, तहसील एवं जिला भिंड ( म.प्र. ) 477555

चूंकि मूल आवेदन संख्या 974/2024 माननीय पीठासीन अधिकारी के समक्ष दिनांक 23.08.2024 को सूचीबद्ध किया गया था।

और चूंकि इस माननीय न्यायाधिकरण ने आपके विरुद्ध दायर ऋण वसूली हेतु आवेदन ( O.A. ) पर, अधिनियम की धारा 19( 4 ) के अंतर्गत समन/नोटिस जारी करना उचित समझा है, जिसमें रू. 20,69,815/- ( रुपये बीस लाख उनहत्तर हजार आठ सौ पंद्रह मात्र) की राशि तथा व्यय एवं भविष्य का ब्याज वसूलने की मांग की गई है। आवेदन के साथ दस्तावेजों की प्रतियां भी संलग्न हैं।

अत: अधिनियम की धारा 19 की उपधारा ( 4 ) के अनुसार आपको, प्रतिवादीगण को निम्नलिखित निर्देश दिए जाते हैं -

1. समन की सेवा प्राप्त होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर कारण बताएं कि आवेदन में मांगी गई राहत क्यों न प्रदान की जाए।
2. मूल आवेदन के क्रमांक 3A में आवेदक द्वारा वर्णित संपत्तियों एवं परिसंपत्तियों के अतिरिक्त, अपनी अन्य संपत्तियों एवं परिसंपत्तियों का पूरा विवरण प्रस्तुत करें।
3. मूल आवेदन के क्रमांक 3A में वर्णित सुरक्षित परिसंपत्तियों अथवा अन्य परिसंपत्तियों एवं संपत्तियों के संबंध में, संपत्ति कुर्की आवेदन के विचारण एवं अंतिम निर्णय तक, आप किसी प्रकार का लेन-देन या निपटान ( Disposition ) नहीं करेंगे।
4. न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, जिन परिसंपत्तियों पर सुरक्षा हित (Security Interest ) निर्मित है अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3A में निर्दिष्ट अथवा आपके द्वारा प्रकट की गई अन्य परिसंपत्तियों एवं संपत्तियों को, व्यवसाय के सामान्य संचालन को छोड़कर, विक्रय, पट्टा ( Lease ) या अन्य किसी प्रकार से हस्तांतरित नहीं करेंगे।
5. व्यवसाय के सामान्य संचालन में सुरक्षित परिसंपत्तियों अथवा अन्य परिसंपत्तियों एवं संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त राशि का पूरा हिसाब प्रस्तुत करने के लिए आप उत्तरदायी होंगे तथा उक्त बिक्री प्राप्ति को उस बैंक या वित्तीय संस्था के खाते में जमा करेंगे जिसके पास उन परिसंपत्तियों पर सुरक्षा हित विद्यमान है।
6. आपको निर्देशित किया जाता है कि अपना लिखित उत्तर ( Written Statement ) दाखिल करें, जिसकी एक प्रति आवेदक को भी उपलब्ध कराएं, तथा दिनांक 19.06.2026 को प्रात: 10:30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित हों।

यदि आप ऐसा करने में असफल रहते हैं, तो आवेदन की सुनवाई आपके अनुपस्थित रहने पर भी की जाएगी तथा निर्णय पारित कर दिया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायाधिकरण की मुहर सहित, दिनांक: 13 मार्च 2026

न्यायाधिकरण के आदेशानुसार

रजिस्ट्रारऋण
वसूली न्यायाधिकरण, जबलपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

//निविदा आमंत्रण सूचना//

निविदा सूचना क्र./उ.वि./2026-27/PRO-324 दिनांक : 18/06/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत( लाख में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD _516514_1 | नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम योजना के अंतर्गत संभाग क्र. 01 महाराणा प्रताप वार्ड अंतर्गत धनवंतरी नगर सागर कालोनी में सिद्धी विनायक पार्क का विकास कार्य। | 06 Month 34,34,434=00 | 25,758=00 5,000=00 | 03/07/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की बेवसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

उद्यान अधिकारी
नगर पालिक निगम जबलपुर

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी ( सा . ) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ ( छ .ग . )**

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार जनकपुर में उपलब्ध नये, पुराना इमारती काष्ठ एवं पुराना जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है . इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें . ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार जनकपुर से प्राप्त कर सकते है .

**डिपो का नाम-** काष्ठागार जनकपुर
**नीलाम दिनांक-** 25-06-2026
**नीलाम समय-** प्रात : 09 .00 बजे से प्रारम्भ

| क्र . | प्रजाति | नये अविक्रित काष्ठ | | पुराने अविक्रित काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | घ .मी . | नग | नग | घ .मी . | नग | घ .मी . |
| 1. | सागौन | 0 .000 | 0 | 229 | 14 .787 | 3762 | 43 .264 |
| 2. | साल | 190 .000 | 280 | 12198 | 1445 .639 | 1607 | 48 .710 |
| 3. | साजा | 0 .000 | 0 | 3 | 0 .280 | 2 | 0 .056 |
| 4. | धावड़ा | 0 .150 | 0 | 9 | 0 .864 | 1 | 0 .017 |
| 5. | हल्दू, मुण्डी, बांसा | 0 .000 | 0 | 2 | 0 .087 | 0 | 0 .000 |
| 6. | नीलगिरी | 0 .000 | 0 | 0 | 0 .000 | 717 | 3 .778 |
| | **योग :-** | **195 .150** | **280** | **12441** | **1461 .657** | **6089** | **95 .825** |
| 7. | मिश्रित जलाऊ | 100 चट्टा नया | | 443 चट्टा पुराना | | | |
| | **योग :-** | **100 चट्टा नया** | | **443 चट्टा पुराना** | | | |

**टीप :-1 .** केता को ई-ऑक्शन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है . **2 .** केताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राइज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है . सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है . **3 .** लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई .डी . से लॉगिन करके देख सकते है .

**262701477/6**

वनमण्डलाधिकारी, मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़